हिन्दी (आधार )

कक्षा – **XII** (2018-19)

प्रतिदर्श – प्रश्न – पत्र

निर्धारित समय: 3 घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　अधिकतम अंक : 80

समान्य निर्देश :

- इस प्रश्न – पत्र में चार खंड है, क,ख,ग ।
- तीन खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- यथासंभव तीनो खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

| | | |
|---|---|---|
| | खंड क | |
| 1. | निम्नलिखित गद्यांश का पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 12 |
| | गंगा दशहरा जब आता है, तो मेरे भीतर कोई सुर बजने लगता है। गंगोत्री पर उनींदी नींद का साया था। और वह सुर मुझे बाहर की ओर खींच रहा था। मैं अचानक उठकर कमरे से बाहर आ गया और ईशावस्त्र आश्रम से गंगा को अपने पूरे वेग से बहते देखता रहा। उजेरिया रात थी। बर्फ में नहाई भगीरथी चोटियाँ और गंगा का स्वर। उस रात में सिर्फ गंगा का स्वर ही सुनाई दे रहा था। वह स्वर था या कोई सुर। मैं उस सुर में खो सा गया।<br>गंगोत्री से नीचे आ कर वैसा सुर रह भी नहीं जाता। गंगा अपने हर पड़ाव पर एक अलग सुर में नजर आती है। सोचता हूँ कि गंगा ने धरती पर आने के लिए आखिर क्या समय चुना था ? जेठ की तपती दोपहरी में वह आई थी। साल के जिस पड़ाव पर पानी की सबसे ज्यादा जरूरत महसूस होती है, उसी समय आई थी माँ गंगा। दशमी के दिन ही माँ गंगा धरती पर आई थी। दरअसल, भगीरथ ने स्वर्ग में बसी गंगा को धरती पर आने के लिए मना तो लिया था, लेकिन उस समय वह लरजती, गरजती अल्हड़ नदी थी। उन्हें माँ बनाकर भेजा था महादेव ने।<br>वह अपने स्वर्ग को छोड़कर धरती पर चली आई थीं। स्वर्ग के लिए तो शायद उनका अल्हड़पन ठीक होगा, लेकिन धरती के लिए वह ठीक नहीं था। धरती के लिए तो माँ गंगा की ही जरूरत थी। वह गंगा जो हम तपते हुए लोगों को तृप्त कर सके। अपने प्रवाह में हमारे सारे पापों को बहाकर ले जाए। हरिद्वार की | |

| | | |
|---|---|---|
| | गंगा का सुर गंगोत्री के सुर से कितना अलग है ?कितनी मैली नजर आती है गंगा। कैसे डुबकी लगाऊँ। उसकी वजह क्या हम ही तो नहीं है । मैं उस प्रवाह में आचमन सा करता हूँ। मन ही मन सोचता हूं- हे गंगा मैया, आपकी तरह हमारे जीवन का प्रवाह भी बहता रहे। | |
| (क) | गद्यांश को पढ़कर उचित शीर्षक लिखिए। | 1 |
| (ख) | ईशावस्त्र आश्रम से लेखक ने क्या देखा? | 1 |
| (ग) | किसे देखकर लेखक के भीतर सुर बजने लगता है और क्यों? | 2 |
| (घ) | गंगा के स्वर को लेखक सुर क्यो कहता है? | 2 |
| (ङ) | जेठ की तपती दोपहरी में गंगा के धरती पर आने के कारणों को स्पष्ट कीजिए | 2 |
| (च) | धरती के लिए गंगा का अल्हड़पन ठीक क्यों नहीं हो सकता था ? | 2 |
| (छ) | हरिद्वार की गंगा गंगोत्री की गंगा से कैसे अलग है? | 2 |
| 2. | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए<br><br>नया साल आया, चलो मुस्कुराएँ<br>जटिल जिन्दगी को सरल कुछ बनाएँ<br>सूने हृदय में भी झनकार भर दे<br>नया गीत कोई सहज गुनगुनाएँ<br><br>तिमिर रोष है, हम कहीं घिर न जाएँ<br>जिसे दूर छोड़ा, वही फिर न आएँ<br>अभी तक कहीं हम बिखरे हुए हैं,<br>सवेरे का सूरज मिलकर उगाएँ।<br><br>जहाँ बन गई दूरियाँ , कुछ घटाएँ,<br>अकेले खड़ा जो, उसे संग लाएँ,<br>अभी कितनी बातों में उलझे हुए हैं,<br>नई सोच से हम नया हल सुझाएँ। | 1x4 = 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | करें शास्त्र श्यामल धरा को धटाएँ,<br>बिखराएँ खुशबु वतन की हवाएँ,<br>बनाकर यहाँ पर भरोसे का मौसम<br>बंजर भूमि पर अब नया हल चलाएँ | |
| (क) | कवि के मुस्कुराने के कारणों को स्पष्ट कीजिए। | 1 |
| (ख) | कवि को किससे घिरने का भय है? | 1 |
| (ग) | दूरियों को कम करने की बात क्यों की गई है ? | 1 |
| (घ) | 'बनाकर यहाँ पर भरोसे का मौसम' – पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए । | 1 |
| | अथवा | |
| | ज्योति कलश छलके<br>हुए गुलाबी, लाल सुनहरे<br>रंग दल बादल के<br>ज्योति कलश छलके<br><br>घर आँगन वन उपवन उपवन<br>करती ज्योति अमृत के सींचन<br>मंगल घट ढ़ल के<br>ज्योति कलश छलके<br><br>पात-पात बिरवा हरियाला<br>धरती का मुख हुआ उजाला<br>सच सपने कल के<br>ज्योति कलश छलके<br><br>ऊषा ने आँचल फैलाना<br>फैली सुख की शीतल छाया<br>नीचे आँचल के<br>ज्योति कलश छलके | |

| | | |
|---|---|---|
| | अम्बर कुमकुम कण बरसाये<br>फूल पंखड़ियों पर मुस्काये<br>बिन्दु तुहिन जल के<br>ज्योति कलश छलके | |
| (क) | ज्योति कलश' से आप क्या समझते हैं? | |
| (ख) | 'पात-पात बिरवा हरियाला' – पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए। | |
| (ग) | अमृत के सींचन कहाँ और कैसे हो रही है? | |
| (घ) | 'उषा ने आँचल फैलाया' और 'नीचे आँचल के' – पंक्ति में प्रयुक्त दोनों आँचल के अर्थ स्प्ष्ट कीजिए। | |
| | खंड – ख | |
| 3. | नीचे लिखे विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए | 5 |
| (क) | भारतीय किसान | |
| (ख) | हमारे राष्ट्रीय पर्व | |
| (ग) | शिक्षा सबका अधिकार | |
| (घ) | उषा ने आँचल फैलाया' और 'नीचे आँचल के' – पंक्ति में प्रयुक्त दोनों आँचल के अर्थ स्प्ष्ट कीजिए। | |
| 4. | भ्रष्टाचार में लिप्त किसी अधिकारी का कार्य आपने अपने पास प्रमाण पत्र के तौर पर रखा है। विवरण प्रस्तुत करते हुए पुलिस कमिश्नर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र , दिल्ली को पत्र लिखकर उचित कारवाई करने का आग्रह कीजिए । | 5 |
| | अथवा | |
| | बाढ़ संकट में राहत कार्य में हो रहे देरी की सूचना देते हुए आपदा प्रबंधन विभाग, दिल्ली के अधिकारी को पत्र लिखिए। | |
| 5. | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार का संक्षिप्त उत्तर लिखिए | 1 x 4 = 4 |

| | | |
|---|---|---|
| (क) | अंशकालिक पत्रकार किसे कहते है? | |
| (ख) | पीत पत्रकारिता किसे कहते है? | |
| (ग) | रेडियो की लोकप्रियता के दो कारणों का उल्लेख कीजिए। | |
| (घ) | खोज परक पत्रकारिता' से आप क्या समझते है? | |
| (ङ) | विशेष लेखन किसे कहते हैं? | |
| 6. | 'धर्म की आड़ में व्याप्त भ्रष्टाचार' विषय पर एक आलेख तैयार कीजिए । | 3 |
| | अथवा | |
| | हाल ही में पढ़ी किसी पुस्तक की समीक्षा कीजिए। | |
| 7. | 'महानगरों में आवास की समस्या' विषय पर एक फीचर तैयार कीजिए | 3 |
| | अथवा | |
| | 'स्वतंत्रता दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम' विषय पर एक फीचर कीजिए। | |
| 8. | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- | 2x3 = 6 |
| | पतंगों के साथ वे भी उड़ रहे हैं<br>अपने रंध्रों के सहारे<br>अगर वे कभी गिरते हैं छतों के<br>खतरनाक किनारों से<br>और बच जाते हैं तब तो<br>और भी निडर होकर सुनहले सूरज के<br>सामने आते हैं पृथ्वी और भी तेज<br>घूमती हुई आती है<br>उनके बेचैन पैरों के पास । | |
| (क) | पतंगों के सहारे उड़ने का क्या आशय है? | |
| (ख) | गिरकर बचने पर बच्चों में क्या प्रतिक्रिया होती है? | |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | पैरों को बेचैन क्यों कहा गया है? | |
| | अथवा | |
| | हो जाए न पथ में रात कहीं<br>मंजिल भी तो है दूर नहीं<br>यह सोच थका दिन का पंथी भी जल्दी जल्दी चलता है ।<br>दिन जल्दी- जल्दी ढलता है ।<br>बच्चे प्रत्याशा में होंगे<br>नीड़ों में झाँक रहे होंगे<br>घ्यान परों में चिड़ियों के भरता कितनी चंचलता है<br>दिन जल्दी- जल्दी ढलता है । | |
| (क) | पंथी क्या सोच रहा है और क्यों? | 2 |
| (ख) | बच्चे नीड़ों से क्यो झाँकते होंगे? | 2 |
| (ग) | पैरों को बेचैन क्यों कहा गया है? | 2 |
| 9. | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 2x2=4 |
| | बात सीधी थी पर एक बार<br>भाषा के चक्कर में<br>जरा टेढी फंस गई | |
| (क) | काव्यांश का भाव-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए। | |
| (ख) | काव्यांश की भाषा संबंधी दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। | |
| | अथवा | |
| | खेती न किसान को भिखारी को न भीख बलि,<br>बनिक को बनिज न चाकर को चाकरी।।<br>जीविका विहीन लोग सीद्धमान सोचबस<br>कहें एक एकन सों कहाँ जाई का करी।। | |
| | क) काव्यांश का भाव-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।<br>ख) काव्यांश के शिल्प सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 3x2 = 6 |
| (क) | कवि ने खेत की तुलना कागज से क्यों की है? | |
| (ख) | 'परदे पर वक्त की कीमत है '– कहकर कवि ने पूरे साक्षात्कार को किस रुप में व्यक्त किया है? | |
| (ग) | 'ऊषा' कविता के किन उपमानों के आधार पर आप इस कविता को गाँव की सुबह का गतिशील चित्र कह सकते हैं? | |
| (घ) | कविता की उड़ान और चिड़िया की उड़ान में क्या अंतर है? | |
| 11 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए<br><br>प्लेटफार्म पर उसके बहुत से दोस्त, भाई, रिश्तेदार थे, हसरत भरी नजरों, बहते हुए आँसुओं, ठंडी साँसों और भिंचे हुए होंठों को बीच में से काटती हुई रेल सरहद की तरफ बढ़ी। अटारी में पाकिस्तानी पुलिस उतरी, हिन्दुस्तानी पुलिस सवार हुई। कुछ समझ में नहीं आता था कि कहाँ से लाहौर खत्म हुआ और किस जगह से अमृतसर शुरू हो गया। एक जमीन थी, एक जबान थी, एक सी सूरतें और लिबास, एक सा लबो लहजा, और अंदाज थे, गलियाँ भी एक ही सी थी जिनसे दोनों बड़े प्यार से एक-दूसरे को नवाज रहे थे । बस मुश्किल सिर्फ इतनी थी कि भरी हुई बंदूकें दोनों के हाथों में थी। | 2x3 = 6 |
| (क) | लाहौर और अमृतसर के बीच के अंतर का पता क्यों नहीं लगता? | |
| (ख) | प्लेटफॉर्म पर खड़े लोगों की दशा पर टिप्पणी कीजिए। | |
| (ग) | अलग-अलग देश के लोग होते हुए भी एक दूसरे को क्यों नवाज रहे थे? | |
| | अथवा | |
| | पिता का उस पर अगाध प्रेम होने के कारण स्वभावतः ईर्ष्यालु और संपति की रक्षा में सतर्क विमाता ने उनके मरणांतक रोग का समाचार तब भेजा, जब वह मृत्यु की सूचना भी बन चुका था। रोने पीटने के अपशकुन से बचने के लिए सास ने भी उसे कुछ न बताया। बहुत दिन से नैहर नहीं गई, सो जाकर देख आवे, यही कहकर और पहना उढ़ा सास ने उसे विदा कर दिया। इस अप्रत्याशित अनुग्रह ने उसके पैरो में जो पंख लगा दिए थे, वे गाँव की सीमा में पहुँचते ही झड़ गए। | |

| | | |
|---|---|---|
| (क) | विमाता ने भक्तिन को उसके पिता की मृत्यु का समाचार देर से क्यों भेजा? | |
| (ख) | भक्तिन के प्रति सास का अप्रत्याशित अनुग्रह क्या था? | |
| (ग) | पैरो में लगे पंख' – को गद्यांश के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए। | |
| 12. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए<br>क) 'काले मेघा पानी दे 'पाठ लोक-विश्वास और विज्ञान के द्वन्द का चित्रण है-कैसे?<br>ख) लुट्टन सिंह पहलवान की कीर्ति दूर-दूर तक कैसे फैल गई?<br>ग) चार्ली की फिल्में भावनाओं पर टिकी है, बुद्धि पर नहीं कैसे?<br>घ) शिरीष को अवधूत क्यों कहा गया है? | 3x 3 = 9<br>1x1=1<br>10 |
| 13. | निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए<br>क) यशोधर बाबू किशन दा से कहाँ तक प्रभावित थे- स्पष्ट कीजिए<br>ख) जूझ कहानी के लेखक के जीवन संघर्ष के उन बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए जो हमारे लिए प्रेरणादायक है। | 4x1=4 |
| 14. | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए<br><br>क) औरतों को बहादुर सिपाहियों से ज्यादा संघर्ष करने वाली क्यों बताया गया है 'डायरी के पन्ने' पाठ के आधार पर लिखिए<br>ख) मुअनजोदड़ो की सभ्यता पूर्ण विकसित मानव सभ्यता थी – कैसे?<br>ग) जूझ के कथानायक में कविता लिखने की चाह कैसे उत्पन्न हुई?<br>घ) यशोधर बाबू चड्ढा जैसे नवयुवकों के कार्यप्रणाली और व्यवहार में से आप किसे अपनाना चाहेंगे और क्यों? | 4x2=8 |

हिन्दी (आधार)

कक्षा – 12 (2018-19)

संभावित उत्तर संकेत

समय – 3 घंटे पूर्णांक – 80

| | | खंड -क | |
|---|---|---|---|
| प्रश्न संख्या | भाग | उत्तर संकेत मूल्य बिन्दु | निर्धारित अंक विभाजन |
| 1 | क | • गंगा /गंगा की महिमा आदि<br>(अन्य उचित शीर्षक भी स्वीकार) | 1 |
| | ख | • गंगा को वेग से बहते देखा | 1 |
| | ग | • गंगा को देखकर<br>• गंगा के प्रति आस्था | 2 |
| | घ | • गंगा के प्रवाह की ध्वनि की कर्णप्रियता<br>• गंगा के प्रति लेखक की आस्था, प्रेम आदि | 2 |
| | ड | • धरती को तृप्त करना<br>• जन-मन की प्यास बुझाना<br>• धन्य-धान्य से भरपूर करना आदि | 2 |
| | च | • अल्हडपन में गंभीरता और निर्माण का अभाव<br>• अल्हडता में गलती होने की संभावना | 2 |
| | छ | • सुर का अलग होना<br>• पानी मैला हो जाना आदि | 2 |
| 2 | क | • नया साल आने के कारण | 1 |
| | ख | • अंधकार को | 1 |
| | ग | • मनुष्य आपसी भेदभाव के कारण एक दूसरे से अलग हो रहा है | 1 |
| | घ | • समाज में भरोसा, विश्वास का अभाव<br>• विश्वास के अभाव में प्रेम का न होना<br>• प्रेम के लिए विश्वास जगाना आवश्यक | 1 |
| | | अथवा | |
| | क | • ज्योति से भरा कलश<br>• सूर्योदय, सर्य का उदित होना | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • सूर्य का प्रकाश (कोई भी, अन्य उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य) | |
| | ख | • सूर्य के प्रकाश से संपूर्ण धरती के पौधे हरे-भरे हो उत्साहित | |
| | ग | • घर और आँगन अर्थात भीतर और बाहर<br>• हर स्थान पर रोशनी रूपी अमृत द्वारा सींचा जाना | |
| | घ | • ऊषा ने आँचल फैलाया में आँचल रोशनी है<br>• नीचे आँचल के --- में आँचल आकाश है।<br>(विद्यार्थी की समझ तथा उपयुक्त अभिव्यक्ति भी स्वीकार्य) | |
| 3 | | खंड - ख<br>• भूमिका 1<br>• विषय वस्तु 3<br>• भाषा 1 | 5 |
| 4 | | • आरंभ और अंत की औपचारिकताएं 1<br>• विषय वस्तु 3<br>• भाषा 1 | 5 |
| 5 | क | • एक निश्चित मानदेय पर किसी संस्था, समाचार एजेंसी के लिए काम करने वाला पत्रकार | 1x4=4 |
| | ख | • सनसनीखेज एवं किसी की मानहानि करने के उद्देश्य से की जाने वाली पत्रकारिता। | |
| | ग | • सस्ता और सुलभ होना<br>• मनोरंजन एवं जानकारी देने में सक्षम होना। | |
| | घ | • सरकारी या गैर-सरकारी क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्ट्राचार आदि की खोज कर जनता के सामने लाने वाली पत्रकारिता | |
| | ड़ | • एक विषय के संदर्भ में विशेष जानकारी के साथ किया जाने वाला लेखन | |
| 6 | | • विषयवस्तु 2<br>• भाषा एवं प्रस्तुति -1 | 3 |
| 7 | | • विषयवस्तु 2 –<br>• रोचकता- ½<br>• भाषा - ½ | 3 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | खंड –‘ग’ | |
| 8 | क) | • पतंग की तरह रोमांचित होना<br>• कल्पना के साथ आनंद लेना<br>• भावनात्मक रुप से पतंग से जुडना | 2x3=6 |
| | ख) | • वह और निडर हो जाते है<br>• उत्साहित होकर पतंग उडाते हैं। | |
| | ग) | • बच्चे की चंचलता<br>• पतंग उडाने में आनंद लेना<br>• उत्साहित होकर कार्य करना | |
| | | अथवा | |
| | क) | • कहीं रास्ते में अंधेरा न हो जाए<br>• समय से पहले मंजिल तक पहुँचना | 2 |
| | ख) | • अपने माता-पिता के आने की प्रतीक्षा में<br>• मिलने की आशा में | 2 |
| | ग) | • समय का तेजी से बीतना<br>• मंजिल तक पहुँचना आवश्यक<br>• समय के साथ तालमेल बैठाना आवश्यक | 2 |
| 9 | क | • भाषा ठीक नहीं होने से भाव अभिव्यक्त नहीं हो पाता<br>• बात कहने के लिए भाषा का दुरुस्त होना आवश्यक | 2 |
| | ख | • खड़ी बोली<br>• बोलचाल की सहज, सरल भाषा<br>• टेढी फँस गई – में भाव भेजना | 2 |
| | | अथवा | |
| | क | • तुलसी ने समाज का यथार्थ चित्रण किया है<br>• गरीबी, बेरोजगारी का चित्रण | 2 |
| | ख | • ब्रजभाषा<br>• अनुप्रास अलंकार<br>• लय एवं छंद का प्रयोग आदि | 2 |
| 10 | क | • खेत में बीज डालने से अन्न उत्पन्न होता है।<br>• मन का भाव कागज पर उतरकर अभिव्यक्त होता है।<br>• कागज भी चौकोर खेत की तरह<br>• किसान खेत में और कवि कागज पर कार्य करता है। | 3x2=6 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ख | • बाजार की क्रूरता का<br>• संवेदनहीन समाज का<br>• मनुष्य के दुख को उत्पाद बनाना | |
| | ग | • काली सिल<br>• लीपा गया चौका<br>• तालाब में नहाती गोरी युवती<br>• स्लेट, खडिया आदि | |
| | घ | • कविता कल्पना के सहारे उड़ती है<br>• कविता की सीमा और सामर्थ्य निर्धारित नहीं<br>• चिड़िया की उड़ान उसके सामर्थ्य पर निर्भर | |
| 11 | क | • लोग, जमीन, जबान में समानता के कारण | 2x3=6 |
| | ख | • दोस्त, रिश्तेदार<br>• हसरत भरी नजरों से देखना<br>• आँखो से आँसू बहना, दुखी आदि | |
| | ग | • एक दूसरे के प्रति प्रेम<br>• सूरतें, लिबास तथा अंदाज के साथ गलियाँ भी समान होने के कारण | |
| | | अथवा | |
| | क | • ईर्ष्यालु और लालची होना<br>• अपशकुन से बचने के कारण | |
| | ख | • बिना कुछ कहे मायके भेजने के लिए तैयार करना<br>• नैहर के प्रति अनुराग व्यक्त करना। | |
| | ग | • नैहर जाने के लिए उत्साहित होना<br>• जल्दी जल्दी नैहर पहुँच जाने की इच्छा | |
| 12 | क | • लेखक की बहन लोक-प्रचलित विश्वास को मानते हुए पानी फेंकती है<br>• लेखक विज्ञान को मानता है इसलिए पानी फेंकने के कार्य को पानी का बरबादी मानता है। | 3x3=9<br>1x1=1<br>10 |
| | ख | • मेले में दंगल जीतना<br>• राजा द्वारा राज पहलवान नियुक्त होना<br>• चाँद सिंह को हराना | |
| | ग | • चार्ली की फिल्मों में मानवीय पक्ष | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • चार्ली का जीवन अभावों में बीता जिसका प्रभाव उसके व्यक्तित्व पर<br>• स्नेह, करूणा और मानवता मूल तत्व | |
| | घ | • विपरीत परीस्थितियों में अडिग रहने के कारण | 1 |
| 13 | क | • छोटी उम्र में ही किशन दा के संपर्क में आए<br>• उनके जीवन से प्रभावित<br>• उन्ही आदर्शो पर चलने का प्रयास<br>• कार्यलय और घर में आदर्शो के साथ रहना | 4x1=4 |
| | ख | • अध्ययन करने के लिए संघर्ष करना<br>• खेती का काम करके स्कूल जाना<br>• पशुओं की पीठ पर लिखना आदि<br>(अन्य बिन्दु भी स्वीकार्य) | |
| 14 | क | • पारिवारिक संघर्ष को अपनाकर जीवन जीना<br>• बच्चा पैदा करना, पालन पोषण करना<br>• समाज में संघर्ष करना आदि। | 4x2=8 |
| | ख | • साक्षर एवं सुसंस्कृत समाज<br>• ग्रिड प्लान में बसा शहर<br>• प्रशासनिक इमारतें, सभा भवन, ज्ञानशाला, कोठार आदि<br>(अन्य बिन्दु भी स्वीकार) | |
| | ग | • अपने मराठी शिक्षक न.वा. सौढलगेकर से प्रभावित<br>• मास्टर के हाव, भाव, गति, ताल के साथ कविता गाने का अभ्यास करना<br>• अभिनय करना<br>• कविताओं से शक्ति मिलना आदि<br>(अन्य बिन्दु भी स्वीकार) | |
| | घ | • विद्यार्थियों की समझ एवं अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन | |